**दिनांक : 24/04/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में देशवासियों से करेंगे संवाद।
- केंद्र सरकार ने प्रदेश में गेहूं खरीदी लक्ष्य 78 से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया।
- प्रदेश में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा के आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 26 अप्रैल की गई।
- आईपीएल में कल रात चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों के बड़े अंतर से हराया।

पीएम मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 133वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

गेहूं खरीदी-लक्ष्य

केंद्र सरकार ने प्रदेश में इस बार गेहूं खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर पूरे 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इसे लेकर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को चिट्ठी लिखी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फैसले से किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम मिलेगा और पहले छोटे, फिर मध्यम और उसके बाद बड़े किसानों से गेहूं खरीदा जाएगा।

एआई-साइबर खतरे-समीक्षा- वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश के प्रमुख सरकारी बैंकों के साथ बैठक कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े नए साइबर खतरों पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने बैंकों को साफ कहा कि एआई के खतरे गंभीर हैं, इसलिए साइबर सुरक्षा मजबूत करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी फौरन संबंधित एजेंसियों को दें। उन्होंने यह भी जोर दिया कि ग्राहकों का डेटा और बैंकिंग सिस्टम सुरक्षित रखने के लिए पहले से ही सावधानी बरतना जरूरी है।

ग्रीष्मकालीन-स्पेशल ट्रेनें

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कल ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों की समीक्षा बैठक की। श्री वैष्णव ने बताया कि रेलवे 15 जुलाई तक 18 हजार से अधिक समर स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी में है। यह कदम गर्मियों में बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उठाया जा रहा है।

एमपी बोर्ड परीक्षा-आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने 2026 की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 22 अप्रैल से बढ़ाकर 26 अप्रैल कर दी है। जो छात्र किसी कारण से आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। मंडल सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि बाकी सभी नियम और शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

'पोषण पखवाड़ा'-संपन्न

प्रदेश में 8वां पोषण पखवाड़ा कल संपन्न हुआ. भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बच्चे के जन्म से पहले गर्भावस्था से लेकर दूसरे जन्मदिन तक के 1000 दिन पोषण के लिहाज से सबसे अहम होते हैं। उन्होंने माताओं से अपील की कि छह महीने तक सिर्फ स्तनपान कराएं और बच्चों का मोबाइल-टीवी से दूर रखकर खेल-आधारित शिक्षा की ओर ले जाएं। इस पखवाड़े में प्रदेश ने जन आंदोलन पोर्टल पर गतिविधियों की एंट्री के मामले में पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

आयोग-अक्ष्यक्ष नियुक्त

प्रदेश सरकार ने लंबे समय से खाली पड़े चार प्रमुख आयोगों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। अनुसूचित जाति आयोग की कमान कैलाश जाटव को, महिला आयोग की रेखा यादव को, अनुसूचित जनजाति आयोग की रामलाल रौतेल को और बाल संरक्षण आयोग की जिम्मेदारी डॉ. निवेदिता शर्मा को सौंपी गई है। इन सभी आयोगों में अध्यक्ष के साथ-साथ सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है।

नशामुक्त भारत अभियान

नशामुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में 1200 मास्टर ट्रेनर्स को भोपाल के वाल्मी संस्थान में 22 अप्रैल से 8 मई तक 12 दिन की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। ये मास्टर ट्रेनर्स आगे जाकर जिला, तहसील और गांव स्तर पर वॉलंटियर्स को तैयार करेंगे, जो बच्चों, युवाओं और स्कूल-कॉलेज के छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। ट्रेनिंग में एम्स भोपाल के मनोचिकित्सक और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के विशेषज्ञ शामिल हैं।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

नई दिल्ली में पंचायती राज मंत्रालय आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़ा जाएगा और देशभर की पंचायती राज संस्थाओं तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर पंचायत उन्नति सूचकांक रिपोर्ट और 'मेरी पंचायत, मेरा धरोहर' विषय पर तीन किताबों का विमोचन भी होगा। यह दिवस 73वें संविधान संशोधन की याद में मनाया जाता है, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता दिलाई थी।

विमान ईंधन- हरित ईंधन का मिश्रण

सरकार ने विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन एटीएफ के नियमों में बदलाव करते हुए उसमें सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल यानी एसएएफ के मिश्रण को मंजूरी दे दी है। एसएएफ फसलों और जैविक कचरे जैसे प्राकृतिक स्रोतों से बनता है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम होता है और विमान के इंजन पर भी कोई बुरा असर नहीं पड़ता।

जमीन अधिग्रहण-मुआवजा

भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर कल भाजपा किसान मोर्चा ने ढोल-नगाड़े बजाकर और मिठाइयां बांटकर राज्य सरकार के उस फैसले का जश्न मनाया, जिसमें सरकारी कामों के लिए ली जाने वाली किसानों की जमीन का मुआवजा बाजार दर से चार गुना करने का ऐलान किया गया है। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि यह फैसला किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने वाला बड़ा कदम है।

'चारबैत'-उर्दू लोकगायन

लगभग 400 साल पुरानी उर्दू लोकगायन परंपरा 'चारबैत' को विलुप्त होने से बचाने के लिए प्रदेश की उर्दू अकादमी 25 और 26 अप्रैल को भोपाल के गोलघर, शाहजहानाबाद में अखिल भारतीय चारबैत समारोह आयोजित कर रही है। शाम 7.30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में रामपुर, चांदपुर और भोपाल की मशहूर चारबैत टीमें 'चारबैत में देशभक्ति के रंग, वंदे मातरम् के संग' थीम पर प्रस्तुति देंगी।

मौसम

अब बात मौसम की। राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं ने प्रदेश में तपिश बढ़ा दी है. कल नर्मदापुरम में पारा 43.8 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री से भी ज्यादा था। मौसम विभाग ने आज निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम समेत 11 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं इंदौर, जबलपुर और उज्जैन जैसे बड़े शहरों में भी पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है।

आईपीएल

आईपीएल में कल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। आज शाम साढ़े सात बजे बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और गुजरात टाइटन्स के बीच मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- धार में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संशोधन प्रस्ताव पारित न होने पर प्रेसवार्ता की।
- रायसेन में महापौर मालती राय ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

- खंडवा में स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन बिछाने और मैनहोल निर्माण का काम जारी।
- शिवपुरी में ई-विकास प्रणाली का पालन न करने वाले 8 निजी उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित।
- आगरमालवा में युवा संगम मेले में 154 में से 93 बेरोजगार युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।
- सतना और मैहर में स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लू से बचाव की एडवाइजरी जारी की।
- छिंदवाड़ा में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, पीजी कॉलेज में प्रगणकों के तीसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू।
- पन्ना वनमंडल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन का काम जारी।
- निवाड़ी में भीषण गर्मी के चलते प्रशासन ने स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक किया।
- दतिया के लमान माता वन क्षेत्र में भीषण आग से हजारों हरे-भरे पेड़ जलकर नष्ट हो गए।
- विश्व पुस्तक दिवस पर कल भोपाल की मौलाना आज़ाद लाइब्रेरी में 250 नई साहित्यिक पुस्तकों की लॉन्चिंग की गई।
- सागर के राहतगढ़ में 20 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक आईटीआई भवन, युवाओं को मिलेगी तकनीकी शिक्षा।
- प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू, अंतिम सूची 18 जून को होगी जारी।
- जबलपुर में रील बनाते वक्त नहर में गिरीं चार किशोरियां, तीन की मौत।
- नलखेड़ा के मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह में फोटो, वीडियो और रील बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया।
- अमरकंटक में गंगा सप्तमी पर 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर पवित्र स्नान किया।

-------------